उत्तर प्रदेश शासन,
नगरीय रोजगार एवं गरीबी
उन्मूलन कार्यक्रम अनुभाग,
संख्याः 2140/69-1-98 (सा)/98
लखनऊः दिनांक, 03 नवम्बर, 1998

कार्यालय-ज्ञाप

नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग संचालित योजनाओं के अन्तर्गत लखनऊ की मलिन बस्तियों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराये जाने के कार्यो की समीक्षा हेतु प्रमुख सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग की अध्यक्षता में निम्नांकित अधिकारियों का एक नगरीय पेयजल सम्पूर्ति के गठन की राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

1. निदेशक/अपर निदेशक, राज्य नागर विकास अभिकरण, (सूडा), लखनऊ।
2. संयुक्त सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग।
3. अधिशासी अभियन्ता (विद्युत एवं यांत्रिक) नगर निगम, लखनऊ।
4. सामान्य प्रबन्धक, जल संस्थान, जल निगम, लखनऊ।
5. मुख्य अभियन्ता, सूडा लखनऊ।
6. परियोजना निदेशक/परियोजना अधिकारी, डूडा, लखनऊ।

उक्त नगरीय पेयजल सम्पूर्ति कोष्ठक की प्रथम बैठक प्रमुख सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग की अध्यक्षता में बापू भवन स्थित उनके कार्यालय कक्ष में दिनांक 6 नवम्बर, 98 को अपरान्ह 4.00 बजे आयोजित की गयी है। कृपया बैठक में सूचना सहित भाग लेने का कष्ट करें।

(सुबोध नाथ झा)
प्रमुख सचिव

संख्याः **2140(1)/69-1-76(सा)/98**, तद्दिनांक।

(1) निदेशक/अपर निदेशक, राज्य नागर विकास अभिकरण, लखनऊ।
(2) अधिशासी अभियन्ता, (विद्युत एवं यांत्रिक) नगर निगम, लखनऊ।
3. सामान्य प्रबन्धक,जल संस्थान, लखनऊ।
4. मुख्य अभियन्ता, राज्य नागर विकास अभिकरण, लखनऊ।
5. परियोजना निदेशक/परियोजना अधिकारी, डूडा, लखनऊ।
6. गार्ड फाइल हेतु।

आज्ञा से,

(मुनीन्द्र कुमार सिंह)
अनुसचिव।